MR. SPEAKER: I said that the Prime Minister would reply at about 6-30 p.m. You do not hear and ask me again. Mr. Yogendra Sharma.

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगूसराय) : उपाध्यक्ष महोदय, चेकोस्लोवाकिया की राष्ट्रीय स्वतन्त्रता और समाजवाद की रक्षा के विषय पर हम अपनी पार्टी के विचार कल सदन के सामने रख चुके हैं, हम उस को दोहराना नहीं चाहते हैं। अभी सदन के सामने जो नया विचारणीय विषय आया है—जहां तक मैं समझता हूं वह यह है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् में भारतीय प्रतिनिधि ने जो पोजीशन ली और उस को जो हिदायत की गई क्या वह इस सदन के विचार के अनुरूप है, अनुकूल है या विपरीत है। दूसरा विचारणीय विषय यह है—शायद अभी उस पर हम लोग विचार नहीं कर सके हैं—हमारे एक भूतपूर्व माननीय मंत्री श्री अशोक मेहता जी आज ट्रेजरी बेन्चेज पर न बैठ कर दूसरी बैंचों पर बैठे हैं—यह दूसरा नया विषय है। इन्हीं दो विषयों पर हम अपने विचार आपके सामने रखना चाहेंगे।

जहां तक पहला विषय है कि भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद् में जो स्टैण्ड लिया, उस को जो हिदायत दी गई—वह इस सदन के विचार के विपरीत है या अनुकूल है—अध्यक्ष महोदय, कल जब हम लोग इस विषय पर विचार कर रहे थे तो चेकोस्लोवेकिया की राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की रक्षा की चिन्ता सबों ने की थी—इस पर कोई दो रायें नहीं थीं। यद्यपि मैंने निवेदन किया था कि चिन्ता व्यक्त करने के पीछे उद्देश्य समान नहीं हैं, उद्देश्य अलग अलग हैं और हम ने यह भी निवेदन किया था कि चेकोस्लोवेकिया की राष्ट्रीय स्वतन्त्रता और समाजवाद की रक्षा कैसे की जाय यह एक समान उद्देश्य बहुतों के बीच में होते हुए भी कैसे की जाय, क्या तरीका है, इस पर समानंता नहीं है। कल के विवाद से यह बात स्पष्ट थी—ऐसी स्थिति में सदन में जो मतदान हुआ, उस के बाद उन माननीय सदस्यों के लिये यह उचित नहीं है—वे आलोचना कर सकते हैं, विरोध कर सकते हैं कि

कल का जो स्टैण्ड प्रधान मंत्री जी ने लिया था, वह गलत है। वह यह नहीं कह सकते हैं कि कल प्रधान मंत्री ने जो स्टैन्ड लिया था और सिक्यो-रिटी कौंसिल के स्थायी प्रतिनिधि को जो आदेश किया उस में मतभेद है। जहां तक इस का सवाल है कि इस सदन के विचार के विपरीत सुरक्षा परिषद में भारतीय प्रतिनिधि को आदेश दिया गया, इस से मैं सहमत नहीं हूं।

दूसरी बात जो मैं बहुत ही विनम्रता के साथ रखना चाहता हूं वह यह कि चेकोस्लोवाकिया की राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की रक्षा का प्रश्न कैसे हल हो इस पर हमें बहुत गम्भीरता से विचार करना चाहिये। यदि गाली गलोज से यह प्रश्न हल होने को होता तो वह हल कर लिया गया होता और शायद हम को उस पर विचार करने की जरूरत न पड़ती। मैं कहना चाहता हूं कि यदि हम ने इस प्रश्न को अन्तराष्ट्रीय शीत युद्ध का विषय बनाया, इस विषय को यदि हम ने कम्यूनिस्ट विरोध का विषय बनाया तो चेकोस्लोवाकिया की आजादी के लिये लड़ने वाली जनता को मदद होने के बदले नुकसान होगा।

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : क्या इटली और फ्रांस की कम्यूनिस्ट पार्टियों ने यही कहा है?

श्री योगेन्द्र शर्मा : हमारी पार्टी ने जो कुछ कहा है वह मैं पहले कह चुका हूं।

श्री मधु लिमये : उन्होंने धिक्कार किया है या नहीं?

श्री योगेन्द्र शर्मा : जिन लोगों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ में सम्राज्यवाद का हित किया है और कम्यूनिस्ट विरोध अपना धर्म बना लिया है, यदि वे चेको-स्लोवाकिया की राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की बात आज करते हैं तो मुझे कहना पड़ेगा कि मुझ को एक संस्कृत की कहावत याद आती है :

"वृद्धा वेश्या तपस्विनी"

ऐसे लोगों की कोई बात चेकोस्लोवाकिया की राष्ट्रीय स्वाधीनता के लिये लड़ने वालों के पक्ष में नहीं हो सकती। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं, और जोर के साथ कहना चाहता हूं कि वे आदमी जो आज इस सवाल पर कैबिनेट से इस्तीफा देते हैं, उन की चेकोस्लोवाकिया की राष्ट्रीय स्वतन्त्रता के प्रति ईमान्दारी का झंडा बुलन्द होता यदि वे डिवैल्यूएशन के सवाल पर हिन्दुस्तान की आजादी को अमरीकी साम्राज्यवाद के हाथ न बेच देते। जिन्होंने अमरीकी साम्राज्यवाद के हाथ इस देश की आजादी को बेचने की हिमाकत की है यदि वे चेकोस्लोवाकिया की आजादी की माला जपते हैं तो उस पर किस को विश्वास होगा?

इस लिये मैं निवेदन करना चाहूंगा कि इस प्रश्न को अन्तर्राष्ट्रीय शीत युद्ध का विषय न बनाया जाये, इस को कम्यूनिस्ट विरोध का विषय न बनाया जाये। कैसे चेकोस्लोवाकिया कि राष्ट्रीय स्वतन्त्रता और समाजवाद की रक्षा होगी और क्या करने से हमारे देश का राष्ट्रीय हित सिद्ध होगा, इसी दृष्टिकोण से विचार करना चाहिये। इसी दृष्टिकोण से मैं ने अपनी पार्टी का स्टैन्ड कल रक्खा था।

MR. SPEAKER: Shri Kartik Oraon.

SOME HON. MEMBERS: We want Shri Sheonarain.

MR. SPEAKER: I am very happy that the Opposition is anxious to hear Shri Sheonarain. But when a Jana Sangh member is called, it will be the Congress Members who will decide who among the Jana Sangh

[Mr. Speaker]

will speak; then they should not get offended. Will they kindly allow me to conduct the business? I am going according to the list given to me. Shri Oraon tells me that yesterday also his name was there, but could not get a chance. I would also very much like to hear Shri Sheonarain. But I have to go according to the party lists.

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga): There is no doubt that today, we are very much concerned about what is happening in Czechoslovakia. But the fact remains that we are not bothered so much about Czechoslovakia: we are bothered about the word 'condemn' or 'deplore'. My approach to this is this. Every now and then we get up to condemn Russia, China, this and that. We have made this so cheap that it has almost become something like a telegram. Today telegram has lost its force. Even letters work faster than telegrams. What I mean is that we must reserve this word 'condemn' for special occasions, for graver occasions. My point is that if we start doing this without meaning that, if we condemn every day the very sanctity of the word 'condemn' will be lost. My point is this. I shall refer to Mr. Nath Pai's statement. He said something., A boy liked all parts of a young lady but did not like the whole. I cannot understand how this thing happened? It is an impossible proposition. If he likes all the parts, he must like the whole. It is only a question of his sleeper. Yesterday, he said that if the Treasury Benches would have accepted the amendment of Shrimati Sucheta Kripalani on the actions of U.S.S.R. as the violation of the United Nations Charter, it would have been a good promise. Now that this motion has been accepted in the Security Council by Indian representative, nothing like this should have happened. Now that we are thinking about human rights and humanity, this is just the law of nature that very powerful, aggressive and more forceful section of the community always has onslaughts on the others. We find in our country weaker sections. They had complaints. We have discussed in this House about a Harijan boy having been burnt. No one came forward with motions condemning those actions. Human rights and humanity are relative terms. We have always to keep this in mind in the context of the interest of our country. I am not a pandit in international law. There could be four kinds of situations: (a) the movement of the armed forces by an unfriendly country against an unfriendly country, (b) the movement of the armed forces by an unfriendly country aaginst a friendly country; (c) the movement of the armed forces by a friendly country against an unfriendly country; (d) movement of the armed forces against a friendly country by a friendly country. Our position falls in the fourth category, *i.e.* (d) which is a difficult one. My point is that in commending, we must be very quick, but in commenting, we must be very slow. Otherwise, we shall confuse commending with commenting. We must not be in a hurry to comment when our national interest is concerned. It is not only the case of those four categories. On the top of that, China is knocking at the door. Pakistan is putting claims and counter claims on Kashmir. Mizoland, Nagaland and Garos and others are indulging in anti-national activities and are raising their ugly heads. We have to keep all these things in mind in this context. On top of all these, it is not only a question of condemning or criticising. It is a question of profit and loss with respect to the country's interest. We are almost in the grip of foreign collaborators to the tune of Rs. 7561.57 crores, involving 21 countries. How can we be involved with 21 countries unless we want to maintain good relations and friendship with them? We do not try to see all these. It is not that we do not feel, but we cannot afford to be indiscreet. We are almost tied with ropes from 21 corners and if we want to jump, we do that to our

own injury. We must be very careful in doing anything of this nature. Politics is very difficult even between person and person. It is very difficult to know as to who means what? It is not a question of this country and that country, but countries outside India, between one country and another country. We do not want to be indiscreet. Tomorrow they may come to terms. What do we gain? We become bad boys for those people. Supposing they become friendly, what do we gain. Then, should India have the unique distinction of being the first country, to condemn this and that? Supposing something wrong happens, who will be responsible? It is not the opposition but the ruling party that will have to face the music. Therefore, in doing what the Government have done, the interest of the country had to be considered supreme. It is also a fact that the actions of the Russians in doing what they did are in fact not only contrary to the relationship of socialist States and the principle of co-existence, but they are also against the principle of international law. But we cannot help it.

The point here is, we have to see that no matter what happens in the world, our approach should be subordinate to our national interests: our needs, our aspirations and our welfare. Then, of course, we are not falling behind any other country. It is the duty of every free and peace-loving country to respect and demand the rights of others. We have done it. But what do the opposition members want? Do they want us to be hanged?

Again, I would like to ask: between the words "deplore" and "condemn", what is the difference? When we deplore, we caution; when we condemn we want to twist the arms of another and when we want to twist the arms of another we must be equally prepared to be twisted. It works that way. Therefore, in anything that has been done, the Government of India has always taken a stand that the interest of the country is never, at any cost, jeopardised. Therefore, the Indian representative, the proud Indian representative, in the United Nations, at the Security Council, has done the right thing. He has a duty towards his country; he owed a duty towards his country, a duty of care, and that, he has very gracefully maintained.

श्री अब्दुल गनी दार (गुड़गांव): इससे पहले कि मैं अपने भाई वाजपेयी जी की तजवीज के बारे में कुछ कहूं मैं आपके द्वारा कहना चाहता हूं कि मुल्क अब एक ऐसे मोड़ पर आ गय है जब मुल्क को फैसला करना होगा कि आया वह गांधी जी की वफादारी करता है या बाहर की जो किताबें लिखी हुई आती हैं, उस पर चलता है। उस पार्टी का मैं भी अदना सा सेवक, सिपाही और रजाकार रहा हूं। लेकिन आप देखें के अभी दो दिन पहले मेरी बहन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने फरमाया था कि अपोजीशन चालाकी से चाहता है कि हम में किसी तरह की फूट पड़े। यह उन्होंने तब कहा था जब मोरारजी देसाई का सवाल यहां पर आया था और उस पर बहस हुई थी। मैं अपनी बहन को याद दिलाना चाहता हूं कि वह आज और कल की बहस को देखें और वोटिंग को देखें। उन्हें पता चलेग कि अब मामला बहुत आगे निकल गया है। मैं कहना चाहता हूं कि कोई मुल्क दुनिया में ऐसा नहीं है जिस का इतिहास उतना अजीम्मुशान रहा हो जितना भारत का रहा है। कोई भी मुल्क इस में भारत का मुकाबला नहीं कर सकता है। रत ने अजीम रवायात कायम की हैं भगवान राम से ले कर महात्मा गांधी तक। उसने हमेशा सच्चाई के लिए, हमेशा मजलूमों के लिए, हमेशा निर्बलों के लिए झंडा उठाया है।

आज बहस किस बात पर है। सिर्फ इस बात पर है कि भारत ने क्यों

(श्री अब्दुल गनी दार)

सिक्योरिटी काउंसिल में यह रुख अख्तयार किया है। मैं अपनी बहन को दिलो जान से चाहता हूं। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि वह देखें कि हमने क्या इकरार किया था। उनको मैं याद दिलाना चाहता हूं कि आज से बहुत पहले एक पुराने किले में सरोजनी नायडू साहिबा की प्रधानगी में महात्मा गांधी ने एशियाटिक कंट्रीज की एक कान्फ्रेंस बुलाई थी। उस में यह तय हुआ था कि हर निर्बल की मदद की जाए। उसी का नतीजा है कि हिन्दुस्तान की उस आवाज से न सिर्फ इंडोनेशिया आजाद हुआ बल्कि मलेशिया भी आजाद हुआ और उन मुल्कों के साथ साथ दर्जनों और मुल्क भी आजादी के रास्ते पर आ गए और वे आजाद हो गए। मेरी बहन कहती है कि चाहे बूढ़े हों या नए हों, वे कुछ भी कहें लेकिन मैं सरगरम आबोहवा में रही हूं जिस में हिन्दुस्तान की सारी आजादी की जंग लड़ी गई है। मैं उन से इस में सहमत हूं। नेहरू फैमिली दुनिया में काबिले फख्र है और हमें उस पर गर्व है। लेकिन जहां सिद्धान्तों का सवाल आता है, जहां यह सवाल आता है कि आया हम उन तमाम पुरानी बातों पर जो इन्हीं के पिता, इन्हीं के दादा और इन्हीं के गुरु और मेरे भी गुरु महात्मा गांधी ने कही थीं, चल रहे हैं, तो मैं समझता हूं कि हम नहीं चल रहे हैं। मैं मानता हूं कि बाकी सब बातों पर उन्होंने हमारी नुमाइंदगी की है। इन्होंने हिदायत दी थी अपने रिप्रिजेंटेटिव को सिक्योरिटी काउंसिल में कि इन इन पैरों से हम सहमत हूं। लेकिन एक पैरा जिस में कैडमनेशन का लफ्ज आता है उससे हम मुत्तफिक नहीं है। अगर ऐसी बात थी तो आप एमेंडमेंट दे सकते थे और अपना रेजोल्यूशन ला सकते थे और भारत की आवाज नरम से नरम अलफाज में वहां रख सकते थे ताकि दुनिया पर यह जाहिर हो जाता कि भारत की पालिसी जोकि महात्मा गांधी के वकत से बनी हुई थी, उसी पर आज भी भारत चलता है।

मैं क्यों कह रहा था कि अब मुल्क एक मोड़ पर आ गया है? मैं इस वास्ते कह रहा हूं कि अगले इलैकशन में तरह तरह की पार्टियां नहीं होंगी। इनकी पार्टी के दो हिस्से होंगे। एक के साथ एक हिस्सा जाएगा और दूसरी के साथ दूसरा जाएगा। आपने देखा होगा कि कल राम मूर्ति जी ने चैकोस्लोवाकिया के बारे में क्या कहा और आज यह बहाना किया कि कोई धड़ा है जिस ने अमरीका को कंडैम नहीं किया वियतनाम के मामले पर तथा और किसी मामले पर। राम मूर्ति जी की पोजिशन बदल गई हो, ऐसी बात नहीं है। राम मूर्ति जी हों या दायें के लोग है, डांगे हों, उन सब को जाना है उनके साथ जो कांग्रेस में लैफ्ट को रिप्रिजेंट करते हैं। मेरे जैसे जो इंडिपैंडेंट हैं और चाहे मेरे गुरु दादा कृपालानी हों उन्हें भी जाना है उनके साथ जो गांधी जी के ही आदर्शों पर चलने की कसम खाये हुए हैं। यह अगली इलैकशन में लाजिमी तौर पर होगा।

मेरा एतराज एक और बात पर है। प्रधान मंत्री जी ने फरमाया कि उन्होंने कैबिनैट से मुश्विरा किया था। प्रधान मंत्री को यह नहीं भूलना चाहिये कि वह मेरे सिर्फ इन बुजुर्गों की प्रधान मंत्री नहीं है, वह सिर्फ 49 परसेंट वोट देने वालों की ही प्रधान मंत्री नहीं हैं बल्कि वह सारे देश की प्रधान मंत्री हैं और ऐसे संकट के मौके पर उनका फर्ज था कि वह अपोजीशन के लीडरों को बुलातीं, जो चाहे छोटे छोटे ग्रुप्स के

लीडर थे, और उन के साथ मिल कर इसको तय करती। उनको छोटी छोटी बातें तय करनी होती हैं, नैशनल इंटैग्रेशन का मसला तय करना होता है या कोई और मसला आ जाता है, उसको तय करना होता है तब तो उनको बुला लेती हैं लेकिन यह जब इतना बड़ा मसला आया तो भी इनको चाहिये था कि इन सब लीडरों को बुलातीं। उन्होंने कैबिनैट में इस पर विचार किया यह तो ठीक है और उनको ऐसा करने का हक भी हासिल था और उनको यह भी हक हासिल है कि वह मुल्क पर रूल करें। लेकिन क्या यह उनका धर्म था या नहीं था कि वह उन बुजुर्गों को भी बुलातीं जिन्होंने उनके बुजुर्गों के साथ मिल कर जेलें काटी हैं, जिन्होंने प्रधान मंत्री के बुजु केगों साथ मारें खाई हैं बेंतें खाई हैं, सजायें भुगती हैं और अपने खानदानों को बरबाद किया है? उनका भी दिमाग है। उनको वह कान्फिडेंस में लेतीं और कहतीं कि हम इस तरह से संयुक्त राष्ट्र में चलना चाहते हैं।

एक वक्त आया था जब चीन ने हम पर हमला किया था। तब नेहरूजी जीवित थे। उस वक्त रूस वालों ने कहा था कि दोस्त से खून करीब है और चीन का साथ दिया था। आज श्री राम मूर्ति फिर डांगे साहब के साथ हैं और उनको होना भी चाहिये, मुझे कोई दुख नहीं है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हमारे मुल्क की एक मजबूत स्थान लेना है, एक अहम रोल प्ले करना है। यह इसलिए कि यही श्री कोसिगन थे जिन्होंने यह कहा था कि चाहे तुम्हारे हजारों अफसर और बहादुर सिपाही शहीद हो गए हैं, हाजीपीर से भी आगे तुम निकल गए हो, तुम पीछे आओ, और ताशकंद में शास्त्री जी को बुलाया था।

वहां हमारे उस बहादुर निडर सिपाही पर, जिसे हम श्री लाल बहादुर शास्त्री के नाम से याद करते हैं, दबाव डाला या उन्हें प्यार से कहा, इस में मैं नहीं पड़ता, लेकिन उस ने वहां पर अपनी जिन्दगी खो दी और ताशकंद मुआहिदा किया। हमारा दावा है कि घर हमारा है; पाकिस्तान का नहीं है; पाकिस्तान वालों ने उस पर ज़बर्दस्ती कब्जा जमा रखा है। उस ताशकंद मुआहिदे का नतीजा यह हुआ कि जब हम ने अपना घर वापिस ले लिया, तो हम से कहा गया कि घर तो तुम्हारा ही है, लेकिन वहां से जाओ।

मैं यह नहीं कहता कि फ़लां अमरीका का नुमायंदा है और फ़लां रशा का नुमायंदा है, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि मुल्क की इज्जत तो सब के लिए बराबर है। आज इस मुल्क के 52 करोड़ इन्सान इस लिए इन्दिरा जी की पुश्त पर हैं कि वह प्रधान मंत्री हैं और सब उन को प्रधान मंत्री मानते हैं, चाहे उन्होंने उन्हें वोट दिया हो या न दिया हो। आये दिन हम चाइना और पाकिस्तान से खतरे की बात सुनते हैं और करते हैं। इस हालत में जब रशा ने पाकिस्तान को अपने हथियार देने का फ़ैसला किया, तो क्या उस के दिमाग में यह था कि इस से हिन्दुस्तान की आज़ादी या इकानोमिक तरक्की महफूज होती है? मैं समझता हूं कि ऐसा नहीं था। बल्कि वह तो हिन्दुस्तान को आंखें दिखाना चाहता था और बताना चाहता था कि मैं कुछ करने वाला हूं। और उस ने क्या किया? एक छोटे से मुल्क पर, जो दिल्ली के बराबर है, जिस की आबादी दिल्ली के बराबर है, वह बहुत दनदना कर, ईस्ट जर्मनी, पोलैंड और अपने यहां से फ़ौज ले कर चढ़ दौड़ा।

(श्री अब्दुल गनी दार)

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि अपोजीशन वाले एक चींटी को मारने के लिए हथौड़ा उठा रहे हैं। यही रूस ने किया है।

ये मेरे बुजुर्ग हैं। मैंने अपनी सारी जिन्दगी इन लोगों के चरणों में गुजारी है। जैसे फ्रांस ने अपने आप को, अपनी खुददारी और अपनी इज्जत को बचाने के लिए डीगाल को बुलाया, अगर ये लोग उसी तरह आचार्य कृपालानी को नहीं बुला सकते, जो गांधी जी की बात को पूरा करायें और देश की आवाज को गांधी जी की आवाज में मिला कर यू० एन० ओ० में उठायें, तो श्री जगजीवन राम हैं।

एक माननीय सदस्य : श्री मोरारजी देसाई हैं।

श्री अब्दुल गनी दार : श्री संजीव रेड्डी हैं। कौन जानता है कि किस के नाम की लाटरी निकले। जब श्री एस० आर० दास ने अपना फ़ैसला दिया, तो श्री लाल बहादुर शास्त्री ने कामरेड रामकिशन को पंजाब का मुख्य मंत्री बनाया। वह मेरे घर आये। उन्होंने कहा कि मेरी लाटरी तो 7, जन्तर मन्तर रोड में निकली है, लेकिन इस का क्रेडिट आपोजीशन को है, जिस ने एस० आर० दास कमीशन के सामने एब्यूज आफ़ पावर के चार्ज को साबित कर दिया। मैं नहीं जानता हूं कि लाटरी आप के नाम की निकलेगी या किसी और नाम की। लेकिन अब वक्त आ गया है कि मुल्क को गांधी जी के रास्ते पर जाना होगा, अपोजीशन हो या कांग्रेस, उन को गांधी जी की आवाज को सुनना होगा।

फ़ादर आफ़ दि नेशन ने उस वक्त लड़ाई की, जिस वक्त हिन्दुस्तान के पास कुछ नहीं था, जब अंग्रेज का झंडा सारी दुनिया में लहरा रहा था। तब भी उन्होंने जुल्म के ख़िलाफ़ आवाज उठाने से दरेग़ नहीं किया। मैं इन्दिरा बहन से हाथ जोड़ कर कहना चाहता हूं कि वह अपनी पोजीशन के बारे में फिर से सोचें। वह यह न समझें कि उन की पार्टी में से सिर्फ़ श्रीमती सुचेता कृपालानी और श्री अशोक मेहता ने ही अपनी आत्मा की आवाज को उठाया है। इस पार्टी में वे लोग हैं, जिन्होंने अपनी आत्मा की आवाज उठाने के लिए अंग्रेज की मुसीबतें झेलीं। क्या उन की आत्मा कभी बेदार नहीं होंगी? यकीनन होगी।

मैं यह भी ईमानदारी से कहना चाहता हूं कि चाहे वियतनाम का सवाल हो और चाहे कांगो का, इस मुल्क में सब लोगों को, श्री मसानी और श्री वाजपेयी और उन के ग्रुप्स को, सब पार्टियों को, एक ही आवाज उठानी पड़ेगी कि हिन्दुस्तान का बल, फ़ौज, पैसा और एक एक बाशिन्दा उस देश के लिए है, जिस पर कोई ज़ालिम मुल्क, चाहे वह रशा हो या अमरीका या बरतानिया हो या और कोई मुल्क हो, चढ़ दौड़ेगा। हिन्दुस्तान का बच्चा बच्चा उस देश के लिए कट मरेगा। आज जरूरत इस बात की है कि सरकार अपोजीशन के लीडरों को कान्फ़िडेंस में ले।

रशा के बारे में यह उम्मीद हो गई थी कि अब उस की पालिसी बदल गई है, अब वह चाहता है कि दुनिया अमन और इत्मीनान से रहे, अब वह "जीओ और जीने दो" के उसूल में यकीन रखता है। लेकिन मैं ईमानदारी से कहना चाहता हूं कि जैसे श्री राममूर्ति ने एक दिन में अपनी पोजीशन बदल ली, वैसे ही रशा ने एक मिनट में अपनी पोजीशन बदल ली। (**व्यवधान**) मैं इन की हर एक गाली सुनने के लिए तैयार हूं। अगर ये मुझे जूते मारें, तो मैं खाने के लिए तैयार हूं। मैंने देश के लिए इनका हुक्म माना है, इन के वरडिक्ट को माना है। मैंने देश के लिए अपने भाई, बीवी और भतीजी की और अपनी जवानी की कुर्बानी दी है। मैं अब भी इन के चरणों में हूं। आज ये श्री वाजपेयी, श्री मसानी या श्री रंगा को न लें, लेकिन ये लोग सोचें कि श्रीमती सुचेता कृपालानी या श्री अशोक मेहता के दिमाग़ में यह बात क्यों आई कि वे इतनी अच्छी, इतनी नेक और इतनी बहादुर इन्दिरा की बात के साथ न चल सकें—इस लिए कि उन के सामने महात्मा गांधी थे। महात्मा गांधी ज़िंदाबाद।

شری عبدالغنی ڈار (گوڑگاؤں) : اس کے پہلے کہ میں اپنے بھائی شری باجپئی جی کی تجویز کے بارے میں کچھ کہوں میں آپ کے دوارا کہنا چاہتا ہوں کہ ملک اب ایک ایسے موڑ پر آ گیا ہے جب ملک کو فیصلہ کرنا ہوگا کہ آیا وہ گاندھی جی کی وفاداری کرتا ہے یا باہر کی جو کتابیں لکھی ہوئی آتی ہیں - اس پر چلتا ہے - اس پارٹی کا میں بھی ادنیٰ سا سیوک - سپاہی اور رضاکار رہا ہوں - لیکن آپ دیکھیں کہ ابھی دو دن پہلے میری بہن پردھان منتری اندرا گاندھی نے فرمایا تھا کہ اپوزیشن چالاکی سے چاہتا ہے کہ ہم میں کسی طرح کی پھوٹ پڑے - یہ انہوں نے تب کہا تھا جب شری مرارجی دیسائی جی کا سوال یہاں آیا تھا اور اس پر بحث ہوئی تھی - میں اپنی بہن کو یاد دلانا چاہتا ہوں کہ وہ آج اور کل کی بحث کو دیکھیں اور ووٹنگ کو دیکھیں - انہیں پتہ چلے گا کہ اب معاملہ بہت آگے نکل گیا ہے - میں کہنا چاہتا ہوں کہ کوئی ملک دنیا میں ایسا نہیں ہے جس کا اتہاس اتنا عظیم الشان رہا ہو جتنا بھارت کا رہا ہے - کوئی بھی ملک اس میں بھارت کا مقابلہ نہیں کر سکتا ہے - بھارت نے عظیم روایات قائم کی ہیں بھگوان رام سے لے کر مہاتما گاندھی تک - اس نے ہمیشہ سچائی کے لئے - ہمیشہ مظلوموں کے لئے - ہمیشہ نربلوں کے لئے جھنڈا اٹھایا ہے -

آج بحث کس بات پر ہے - صرف اس بات پر ہے کہ بھارت نے کیوں سیکیورٹی کونسل میں یہ رخ اختیار کیا ہے - میں اپنی بہن کو دل و جان سے چاہتا ہوں - لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ وہ دیکھیں کہ ہم نے کیا اقرار کیا تھا - ان کو میں یاد دلانا چاہتا ہوں کہ آج سے بہت پہلے ایک پرانے قلعہ میں سروجنی نائیڈو صاحبہ کی پردھانگی میں مہاتما گاندھی نے ایشیاٹک کنٹریز کی ایک کانفرینس بلائی تھی - اس میں یہ طے ہوا تھا کہ ہر نربل کی مدد کی جائے - اسی کا نتیجہ ہے کہ ہندوستان کی اس آواز سے نہ صرف انڈونیشیا آزاد ہوا بلکہ ملیشیا بھی آزاد ہوا اور ان ملکوں کے ساتھ ساتھ درجنوں اور ملک بھی آزادی کے راستے پر آ گئے اور وہ آزاد ہو گئے - میری بہن کہتی ہیں کہ چاہے بوڑھے ہوں یا نئے ہوں - وہ کچھ بھی کریں لیکن میں سر گرم آب و ہوا میں رہی ہوں - جس میں ہندوستان کی ساری آزادی کی جنگ لڑی گئی ہے - میں ان سے اس میں سہمت ہوں - نہرو فیملی دنیا میں قابل فخر ہے اور ہمیں اس پر گرو ہے - لیکن جہاں سدھانتوں کا سوال آتا ہے - جہاں یہ سوال آتا ہے کہ آیا ہم ان تمام پرانی باتوں پر جو انہیں کے پتا - انہیں کے دادا اور انہیں کے گرو اور میرے بھی گرو مہاتما گاندھی نے کہی تھیں - چل رہے ہیں تو میں سمجھتا ہوں کہ ہم

نہیں چل رہے ہیں - میں مانتا ہوں کہ باقی سب باتوں پر انہوں نے ہماری نمائندگی کی ہے - انہوں نے ہدایت دی تھی اپنے ریپریزنٹیٹو کو سیکورٹی کونسل میں کہ ان ان پیروں سے ہم سہمت ہیں - لیکن ایک پیرا جس میں کانڈیمنیشن کا لفظ آتا ہے اس سے ہم متفق نہیں ہیں - اگر ایسی بات تھی تو آپ اماندمینٹ دے سکتے تھے اور اپنا [illegible] ریزولیوشن لا سکتے تھے اور بھارت کی [illegible] نرم الفاظ میں وہاں رکھ سکتے [illegible] تاکہ [illegible] پر یہ ظاہر ہو جاتا یہ بھارت کی پالیسی [illegible] کہ مہاتما گاندھی کے وقت سے بنی ہوئی تھی اس پہ آج بھی بھارت چلتا ہے -

میں کیوں کہہ رہا تھا کہ اب ملک ایک موڑ پر آ گیا ہے - میں اس واسطے کہہ رہا ہوں کہ اگلے الیکشن میں طرح طرح کی پارٹیاں نہیں ہونگی - ان کی پارٹی کے دو حصے ہونگے - ایک کے ساتھ ایک حصہ جائے گا اور دوسری کے ساتھ دوسرا جائے گا - آپ نے دیکھا وہ [illegible] کل رام مورتی جی نے چیکوسلوواکیا کے بارے میں کیا کہا اور آج یہ بہانہ کیا کہ کوئی دھوا ہے جس نے امریکہ کو کنڈیم نہیں کیا ویتنام کے معاملے پر تنہا اور کسی معاملے پر - رام مورتی جی کی پوزیشن بدل گئی ہو ایسی بات نہیں ہے - رام مورتی جی ہوں یا دائیں کے لوگ ہوں ڈانگے ہوں - ان سب کو جانا ہے ان کے ساتھ جو کانگریس میں لفٹ کو ریپریزنٹ کرتے ہیں - میرے جیسے جو انڈیپینڈنٹ ہیں اور چاہے میرے گرو دادا کرپلانی ہوں انہیں بھی جانا ہے ان کے ساتھ جو گاندھی جی کے ہی آدرشوں پر چلنے کی قسم کھائے ہوئے ہیں - یہ اگلی الیکشن میں لازمی طور پر ہوگا -

ہمارا معترض ایک اور بات پر ہے - پردھان منتری جی نے فرمایا کہ انہوں نے ڈیموکریٹس سے مشورہ کیا تھا - پردھان منتری کو یہ نہیں بھولنا چاہئے کہ وہ میرے صرف ان بزرگوں کی پردھان منتری نہیں ہیں - وہ صرف ۴۹ پرسینٹ ووٹ دینے والوں کی ہی پردھان منتری نہیں ہیں بلکہ وہ سارے دیش کی پردھان منتری ہیں اور ایسے سنکٹ کے موقعہ پر ان کا فرض تھا کہ وہ اپوزیشن کے لیڈروں کو بلائیں - وہ چاہے چھوٹے چھوٹے گروپس کے لیڈر ہیں - اور ان کے ساتھ مل کر اس کو طے کرتیں - ان کو چھوٹی چھوٹی باتیں طے کرنی ہوتی ہیں نیشنل انٹیگریشن کا مسئلہ طے کرنا ہوتا ہے یا کوئی اور مسئلہ آ جاتا ہے - اس کو طے کرنا ہوتا ہے تب تو ان کو بلا لیتی ہیں لیکن یہ جو اتنا بڑا مسئلہ آیا تو بھی ان کو چاہئے تھا کہ ان سب لیڈروں کو بلاتیں - انہوں نے کیبنٹ میں اس پر وچار کیا یہ تو ٹھیک ہے اور ان کی

وہاں ہمارے اور بہادر فوجیوں پر - جسے ہم ان بہادر شانتی کے نام سے یاد کرتے ہیں - دباو ڈالا یا انہیں پیار سے کہا- اس میں میں نہیں جاتا - لیکن اس نے وہاں پر اپنی زندگی کھو دی اور تاشقند معاہدہ کیا - ہمارا دعوے ہے کہ کچھ ہمارا ہے - پاکستان کا نہیں ہے - پاکستان والوں نے اس پر زبردستی قبضہ جما رکھا ہے و اس تاشقند معاہدے کا نتیجہ یہ ہوا کہ جب ہم نے اپنا گھر واپس لے لیا- تو ہم سے کہا گیا کہ گھر تو تمہارا ہی ہے - لیکن وہاں جاو -

میں یہ نہیں کہتا کہ فلاں امریکہ کا نمائندہ ہے - اور فلاں روشیا کا نمائندہ ہے - لیکن میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ ملک کی عزت تو سب کے لئے برابر ہے - آج اس ملک کے ۵۵ کروڑ انسان اس لئے اندیرا جی کی پشت پر ہیں کہ وہ پردھان منتری ہیں اور سب ان کو پردھان منتری مانتے ہیں - چاہے انہوں نے انہیں ووٹ دیا ہو یا نہ دیا ہو - آئے دن ہم چاہتا اور پاکستان سے خطرے کی بات سنتے ہیں اور کرتے ہیں - اس حالت میں جب روس نے پاکستان کو اپنے ہتھیار دینے کا فیصلہ کیا تو کیا اس کے دماغ میں یہ تھا کہ اس سے ہندوستان کی آزادی یا اکنومک ترقی محفوظ ہوگی ہے - میں سمجھتا ہوں کہ ایسا نہیں

ایسا کرنے کا حق بھی حاصل تھا اور ان کو یہ بھی حق حاصل ہے کہ وہ ملک پر رول کریں - لیکن کیا یہ ان کا دھرم تھا یا نہیں تھا کہ وہ ان بزرگوں کو بنی بلائیں جنہوں نے ان کے بزرگوں کے ساتھ مل کر جیلیں کاٹی ہیں - جنہوں نے پردھان منتری کے بزرگوں کے ساتھ ماریں کھائی ہیں - یاتنائیں کھائی ہیں - سزائیں بھگتی ہیں اور اپنے خاندانوں کو برباد کیا ہے - ان کا بھی دماغ ہے - ان کو وہ کانفیڈنس میں لیتیں اور کہ ہیں کہ ہم اس طرح سے سلیکٹ راشٹر میں چلنا چاہتے ہیں -

ایک وقت ایسا تھا جب چین نے ہم پر جو حملہ کیا تھا - تب نہرو جی جیوت تھے - اس وقت روس والوں نے کہا تھا کہ دوست سے خون قریب ہے اور چین کا ساتھ دیا تھا - آج شری رام مورتی پھر شری ڈانگے صاحب کے ساتھ ہیں اور ان کا ہونا بھی چاہئے - مجھے کوئی دکھ نہیں ہے - لیکن میں کہنا چاہتا ہوں کہ ہمارے ملک کو ایک مضبوط استھان لینا ہے ایک اہم رول پلے کرنا ہے - یہ اسلئے نہ بھی شری کرشنن تھے جنہوں نے یہ کہا تھا کہ چاہے تمہارے ہزاروں افسر اور بہادر سپاہی شہید ہو گئے ہیں - حاجی پیر سے بھی آگے تم نکل گئے ہو - تم پیچھے آو - اور تاشقند میں شاستری جی کو بلایا تھا -

تھا - بلکہ وہ تو ہندوستان کو آنکھیں دکھانا چاہتا تھا اور بتانا چاہتا تھا کہ میں کچھ کرنے والا ہوں - اور اس نے کیا کیا - ایک چھوٹے سے ملک پر جو دلی کے برابر ہے - جس کی آبادی دلی کے برابر ہے - وہ بہت دندنا کر - ایسٹ جرمنی - پولینڈ اور اپنے یہاں سے فوج لیکر چڑھ دوڑا - پنڈت جواہرلال نہرو نے ایک بار کہا تھا کہ اپوزیشن والے ایک چیونٹی کو مارنے کے لئے ہتھوڑا اٹھا رہے ہیں - یہی روس نے کیا ہے -

یہ میرے بزرگ ہیں - میں نے اپنی ساری زندگی ان لوگوں کے چرنوں میں گزاری ہے - جیسے فرانس نے اپنے آپ کو - اپنی خودداری اور اپنی عزت کو بچانے کے لئے ڈیگال کو بلایا - اگر یہ لوگ اس طرح آچاریہ کرپلانی کو نہیں بلا سکتے - جو گاندھی جی کی بات کو پورا کرائیں اور دیش کی آواز کو گاندھی جی کی آواز میں ملا کر یو - این - او میں اٹھائیں تو شری جگجیون رام ہیں -

ایک مانیہ سدسیہ : شری مرارجی دیسائی ہیں -

شری عبدالغنی ڈار : شری سنجیوا ریڈی ہیں - کون جانتا ہے کہ کس کے نام کی لاٹری نکلے - جب شری ایس - آر - داس نے اپنا فیصلہ دیا تو شری لال بہادر شاستری نے کامریڈ رام کشن کو پنجاب کا مکھیہ منتری بنایا - وہ میرے گھر آئے - انہوں نے کہا کہ میری لاٹری تو جالندھر ملٹری روڈ میں نکلی ہے - لیکن اس کا کریڈٹ اپوزیشن کو ہے - جس نے ایس - آر - داس کمیشن کے سامنے اپوزیشن پارٹی کے چارج کو ثابت کر دیا - میں نہیں جانتا ہوں کہ لاٹری آپ کے نام کی نکلے گی یا کسی اور کے نام کی - لیکن اب وقت آ گیا ہے کہ ملک کو گاندھی جی کے راستے پر جانا ہو گا - اپوزیشن ہو یا کانگریس - ان کو گاندھی جی کی آواز کو سننا ہوگا -

فادر آف دی نیشن نے اس وقت لڑائی کی - جس وقت ہندوستان کے پاس کچھ نہیں تھا - جب انگریز کا جھنڈا ساری دنیا میں لہرا رہا تھا - تب بھی انہوں نے ظلم کے خلاف آواز اٹھانے سے دریغ نہیں کیا - میں اندرا بہن سے ہاتھ جوڑ کر کہنا چاہتا ہوں کہ وہ اپنی پوزیشن کے بارے میں پھر سے سوچیں - وہ یہ نہ سمجھیں کہ ان کی پارٹی میں سے صرف شریمتی سوچیتا کرپلانی اور شری اشوک مہتہ نے ہی اپنی آتما کی آواز کو اٹھایا ہے - اس پارٹی میں وہ لوگ ہیں - جنہوں نے اپنی آتما کی آواز اٹھانے کے لئے انگریز کی مصیبتیں جھیلیں - کیا ان کی آتما کبھی بیدار نہیں ہو گی - یقیناً ہوگی -

میں یہ بھی ایمانداری سے کہنا چاہتا ہوں کہ چاہے ویت نام کا سوال

بھتیجی کی اور اپنی جوانی کی قربانی دی ہے - میں اب بھی ان کے چرنوں میں ہوں - آج یہ شری واجپئی - شری مساتی یا شری رنگا کو نہ لیں - لیکن یہ لوگ دیکھیں کہ شریمتی سوچیتا کرپلانی یا شری لشوئی مہتہ کے دماغ میں یہ بات کیوں آئی کہ وہ اتنی اچھی - اتنی نیک اور اتنی بہادر اندیرا کی بات کے ساتھ نہ چل سکے - اس لئے کہ ان کے سامنے مہاتما گاندھی تھے - مہاتما گاندھی زندہباد -]

MR. SPEAKER: We will have to finish it as quickly as possible because there is a half-an-hour discussion also. I do not want to postpone it.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: Let the Prime Minister reply tomorrow:

MR. SPEAKER: Only one more speaker is there. The Swatantra Party has got another five minutes. They have divided the 20 minutes into two. Shri Madhu Limaye has to speak from the SSP. After that on popular demand I will call Shri Sheo Narain. After the tension we must have Shri Sheo Narain. Shri Madhu Limaye.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : अध्यक्ष महोदय, स्टालिन साहब ने ख्वाब में भी नहीं सोचा होगा कि बिना एक तीर छोड़े हुए, बिना एक गोली चलाए हुए, यह पचास करोड़ का देश उन के अधीन हो जायेगा । लेकिन ब्रेजनेव साहब बड़े खुशनसीब हैं । जब उन के चंगुल से कम्युनिस्ट देश एक के बाद एक निकलते चले रहे थे, तो

ہو اور چاہے ہنگرو کا اس ملک میں سب لڑکوں کو ، شری مساتی اور شری واجپئی اور ان کے سروپس کو - سب پارٹیوں کو - ایک ہی آواز اٹھانی پڑے گی کہ ہندوستان ، ہل ، فوج ، پیسہ اور ایک ایک باشندہ اس دیش کے لئے ہے - جس پر کوئی ظالم ملک چاہے وہ رشیا ہو یا امریکہ یا برطانیہ ہو یا اور کوئی ملک ہو - چڑھ دوڑے گا - ہندوستان کا بچہ بچہ اس دیش کے لئے کٹ مرے گا - آج ضرورت اس بات کی ہے کہ سرکار اپوزیشن کے نیتاؤں کو کانفیڈینس میں لے -

رشیا کے بارے میں یہ امید کی گئی تھی کہ اب اس کی پالیسی بدل گئی ہے - اب وہ چاہتا ہے کہ دنیا امن اور اطمینان سے رہے - اب وہ "جیو اور جینے دو" کے اصول میں یقین رکھتا ہے - لیکن میں ایمانداری سے کہنا چاہتا ہوں کہ جیسے شری رام مورتی نے ایک دن میں اپنی پوزیشن بدل لی - ویسے ہی رشیا نے ایک منٹ میں اپنی پوزیشن بدل لی - (*Interruptions.*) میں ان کی ہر ایک گالی سننے کے لئے تیار ہوں - اگر یہ مجھے جوتے ماریں تو میں کھانے کے لئے تیار ہوں - میں نے دیش کے لئے ان کا حکم مانا ہے - ان کے وردکت کو مانا ہے - میں نے دیش کے لئے اپنے بھائی ، بہنوں اور

[श्री मधु लिमये]

उन को यह महात्मा गांधी का देश ऐसा मिला—इन लोगों की वजह से, जो उन के इशारे पर नाचने के लिए, उन के इशारे पर चलने के लिए तैयार है।

आज सबेरे मैं ने जब यह कहा कि क्या सुरक्षा परिषद् में रूस के आक्रमण की निन्दा करने वाले प्रस्ताव पर तटस्थ रह कर आप ब्रेजनेव के दास और दासी बन जायेंगे—प्रश्न पूछा, तो कुछ लोगों को गुस्सा आया। मेरे शब्दों से इन को चिढ़ है, लेकिन इन को अपने काम से चिढ़ नहीं है, अपने काम पर खेद नहीं है। क्यों ये लोग आक्रमण को आक्रमण कहने से घबरा रहे हैं, और हिचक रहे हैं? उसकी आलोचना करने से, मेरी समझ में नहीं आता है, इनको हिचक क्यों है? आखिकार 1956 में अध्यक्ष महोदय, इंग्लैंड, फ्रांस और इजरायल के द्वारा जब ईजीप्ट के ऊपर हमला हुआ तो भारत के प्रधान मंत्री ने, नवम्बर 1956 की बात है, इस सदन में कहा था, उन के शब्दों में मैं रख रहा हूं:

"The starting of military operations against Egypt by the United Kingdom and France and, more particularly, the bombing of parts of Cairo city came as a profound shock not only to people in India but people everywhere."

और आगे चल कर इस काम का वर्णन उन्होंने किया :

"Flagrant case of aggression by two strong powers against a weaker one....."

तो क्या यह वर्णन जेकोस्लोवाकिया के लिए लागू नहीं है? पिछले वर्ष जून महीने में जब इसरायल ने ईजीप्ट के ऊपर हमला किया तो उस समय वर्तमान प्रधान मंत्री ने कहा था :

"We have made our mark by taking a firm stand where justice is concerned. Non-alignment has never meant that we should be neutral."

लेकिन जब रूस का मामला आया, जेकोस्लोवाकिया की स्वाधीनता की हत्या जब रूस ने की तो पुराने शब्द भी वह भूल गई? उन के अपने जो शब्द हैं उनका भी उनको विस्मरण हो गया? अध्यक्ष महोदय, मैं उन से पूछना चाहता हूं कि यह जो निरपेक्षता की नीति है क्या उस में यूगोस्लाविया भी हमारा साथी नहीं है? यूगोस्लाविया न अमेरिका के साथ है न रूस के साथ है। यूगोस्लाविया एक तटस्थ राष्ट्र है, कम्यूनिस्ट देश होते हुए भी। लेकिन आप जानते हैं यूगोस्लाविया के नेताओं ने क्या कहा है? आज मैंने यह पढ़ा। उन्होंने कहा है :

"We condemn the occupation ....."

आगे चल कर उन्होंने इस का वर्णन किया है :

"A most brutal form of violation of sovereignty and territorial integrity."

अध्यक्ष महोदय, रूमानिया की बात ले लीजिए। यह पूंजीवादी देश नहीं है। यूगोस्लाविया की तरह तटस्थ नहीं है। वारसा संधि संगठन का रूमानिया सदस्य है। लेकिन रूमानिया के नेताओं में जो हिम्मत है, कल मैं जानबूझ कर विट्ठल-भाई पटेल मैदान में जो सभा हुई उसके बाद उनके द्रतावास में गया था,

आप सभी लोगों की ओर से राजदूत को कहने के लिए कि आप ने जो हिम्मत दिखायी है उस पर हमें फख्र है और आज जो इस सदन में इस सरकार की आवाज है वह 50 करोड़ जनता की आवाज नहीं है। रूमानिया की सरकार ने क्या किया? न केवल इस आक्रमण का विरोध किया, वह जानते थे, उन को पुराना इतिहास याद था। शुरू में हिटलर द्वारा आस्ट्रिया का खात्मा हुआ, बाद में चेकोस्लोवाकिया की नौबत आई, उस के बाद पोलैंड और इस तरह नार्वे, बेल्जियम, हालैंड और समूचे यूरोप पर अपनी साम्राज्य-शाही हुकूमत प्रस्थापित करने का जब प्रयत्न किया तो इंग्लैंड वाले कह रहे थे चेकोस्लोवाकिया बहुत दूर है। लेकिन रूमानिया के लोगों ने सोचा कि आज चेकोस्लोवाकिया पर हमला हो रहा है, हो सकता है कि कल हमारे ऊपर भी हमला हो जाय और इसलिए उन्होंने नेशनल असेम्बली की बैठक बुलायी, रूस के आक्रमण का धिक्कार किया और आत्म-रक्षा के लिए उन्होंने अपनी मिलिशिया को मोबिलाइज किया है, उनको कहा कि वे तैयार रहे।

चीन को ले लीजिए। चीन के साथ मैं कहूंगा कि न सिर्फ हमारा मतभेद है, बल्कि मैं कहूंगा कि दुश्मनी है क्योंकि उन्होंने हमारे ऊपर आक्रमण किया है। लेकिन आज मैं कहना चाहता हूं कि मुझे खुशी है कि चीन ने रूस के इस आक्रमण के बारे में बहुत सख्त शब्दों में निन्दा की है, शेमलेस ऐक्ट कहा है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है :

"It reminds one of the occupation of Sudatenland by Hitler."

इस से ज्यादा ताकत के साथ किसी भी देश की सरकार ने कुछ नहीं कहा। और यह कम्यूनिस्ट देश है। तो मैं आप से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार की तटस्थता से..... (**व्यवधान**) .....हां, हमारे मतलब के लिए है तो जरूर करूंगा।.....(**व्यवधान**).... हां, वासुदेवन नायर जी, शैतान को भी कोट करूंगा और आप से तो शैतान ही अच्छा निकला, आप हमारे देशवासी होते हुए आप से शैतान अच्छा निकला।

अध्यक्ष महोदय, मैं इन से पूछना चाहता हूं कि क्या सुरक्षा परिषद में वोट न देने से हमारे राष्ट्रीय चरित्र पर धब्बा नहीं लगा है? महात्मा गांधी के नाम पर कलंक नहीं लगा है? कुछ मामलों में ब्रेज़नेव का कर्म स्टालिन के कर्मों से भी खराब है। स्टालिन ने फिनलैंड पर हमला किया था। फिनलैंड पूंजीवादी देश था और उस समय लड़ाई चल रही थी। सुरक्षा के लिये कम से कम थोड़ा बहुत खतरा था। लेकिन फिर भी समूचे फिनलैंड पर स्टालिन ने कब्जा नहीं किया। लेकिन आज ब्रेज़नेव साहब किन के ऊपर हमला कर रहे हैं? किसी साम्राज्यवादी देश पर? कल ठीक ही कहा दिल्ली के विश्व-विद्यालय के लड़कों ने कि सोवियत रूस को अगर लड़ाई की इतनी इच्छा है तो साउथ वियतनाम की जनता को बचाने के लिए अपने टैंक वहां क्यों नहीं भेजता? मैं आज पूछना चाहता हूं, मैं ने मास्को में भी रूस वालों से पूछा था कि....(**व्यवधान**)....आप जरा सुनिए। सुनने की आदत रखिए। सोफिया हो कर आये हो न शशिभूषण जी, चेकोस्लोवाकिया के लोगों से वहां मिलें होंगे?

[श्री मधु लिमये]

अध्यक्ष महोदय, मास्को में मैं ने उन से पूछा था कि क्या आप साउथ वियतनाम की जनता की रक्षा के लिए अपने टैंक वहां भेजने के लिए तैयार हैं तो वह लोग हंसे, साउथ वियतनाम में भेजने के लिए मैं कह रहा हूं, तो उन्होंने कहा, कि नहीं, उस से लड़ाई छिड़ जायगी। इसलिए हम नहीं जायेंगे, बहुत दूर देश है। लेकिन आज अपनी सेना का और पाशवी बल का इस्तेमाल रूस एक कम्यूनिस्ट देश के खिलाफ कर रहा है और सो भी ऐसे कम्यूनिस्ट देश के खिलाफ जो वारसा करार संगठन का सदस्य है। मैं पूछना चाहता हूं वारसा करार काहे के लिए बनाया गया था? वारसा करार के बारे में रूसी नेता कहते थे आक्रमणकारी नाटो ताकतों के खिलाफ, साम्राज्यशाही के खिलाफ हमारा वारसा करार है। लेकिन आज खेद की बात है कि वारसा करार के नाम पर अपने ही एक कम्यूनिस्ट भाई को खत्म करने के लिए आज सेना का इस्तेमाल किया जा रहा है। मेरी राय में ऐसा क्रूर कर्म, अपने ही साथी को दबाने के लिए सेना का इस्तेमाल करना, ऐसा क्रूर काम दुनिया के इतिहास में शायद ही कभी हुआ हो। आखिरकार चेकोस्लोवाकिया का क्या पाप था? क्या उन की नीति थी? उन्होंने यह कहा था कि 20 साल के पहले उत्पादन के साधनों पर जो सामाजिक मिल्कियत प्रस्थापित हो गई है उसको हम खत्म नहीं करेंगे। क्या वह पूंजीपतियों के हाथ में दे रहे थे कल-कारखानों को? नहीं, अध्यक्ष महोदय। उन्होंने कहा था कि कम्यूनिस्ट पार्टी का नेतृत्व भी रहेगा लेकिन एक अच्छी बात उन्होंने कही कि कम्यूनिस्ट पार्टी का नेतृत्व डंडे के बल पर, कानून के जारिए हम प्रस्थापित नहीं करेंगे, जनता का समर्थन, स्वेच्छा से जनता जो समर्थन देगी वह समर्थन प्राप्त कर के हम अपने नेतृत्व को बनाए रखेंगे। यह बहुत अच्छी बात उन्होंने कही। दुनिया के किसी कम्यूनिस्ट पार्टी ने यह बात नहीं कही।

अध्यक्ष महोदय, तीसरी बात उन्होंने कही—अगर रूस की सुरक्षा का सवाल है, यूरोप की शान्ति का सवाल है तो चेकोस्लोवाकिया के लोग कहते थे—जिस दिन नाटो खत्म हो जायगा, वारसा करार भी खत्म हो, वारसा करार से वह अलग नहीं हो रहे थे, उसकी पुनर्रचना की मांग कर रहे थे। जैसे डिगाल साहब ने नाटो की पुनर्रचना की मांग की थी। लेकिन क्या अमरीका ने अपनी सेनायें फ्रांस के अन्दर नहीं भेजी? रूस को भी चाहिये था कि उन की मांगों पर विचार करते और इस तरह से टैंकों और हवाई दल का इस्तेमाल कर के उनका गला घोटने की कोशिश नहीं करते—लेकिन, अध्यक्ष महोदय, ऐसा उन्होंने नहीं किया।

अब सुरक्षा परिषद् में इन्होंने जो पाप किया है उसका पापक्षालन ये लोग कर सकते हैं। मोरारजी भाई यहां पर बैठे हुए हैं, आपकी मारफत मैं उन से निवेदन करना चाहता हूं कि जैनरल असैम्बली की बैठक बुलाई जा सकती है। अगर कोई बड़ा राष्ट्र व्हीटो का इस्तेमाल करता है तो क्या आज हिन्दुस्तान उस पापक्षालन के लिये पहल करेगा कि जैनरल असेम्बली की बैठक बुलाई जाय और उस बैठक में इस आक्रमण

की निन्दा की जाय और इस आक्रमण को खत्म करने के लिये सुझाव दिये जांय।

अध्यक्ष महोदय, आज दिनेश सिंह साहब मुझे नहीं दिखई दे रहे हैं। सुना है काबुल गये हैं। लेकिन अगर इस बात का पता चल जाता है कि वह मास्को गये हैं तो वह बहुत घृणित कर्म होगा...

श्री मोरारजी देसाई : मास्को नहीं गये हैं।

श्री मधु लिमये : तब ठीक है। अध्यक्ष महोदय, मैं उन लोगों में से हूं जो प्रल्हाद सुक्रात और महात्मा गांधी की परम्पराओं में विश्वास करते हैं। अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में न केवल गांधी जी के शरीर की हत्या हुई है, बल्कि इन लोगों ने गांधी जी के विचारों की भी हत्या की है। यद्यपि गांधी जी के शरीर की ही नहीं उन के विचारों की भी हत्या यहां पर हुई, लेकिन फिर भी मुझे हर्ष है कि अमरीका में शहीद मार्टिन लूथर किंग के रूप में महात्मा गांधी का नया अवतरण हुआ और आज मैं खुशी से फूला नहीं समाता हूं चेकोस्लोवेकिया के हजारों नवयुवकों के रूप में महात्मा गांधी का वहां अवतरण हुआ है जो रूसी टैंकों के सामने, तोपों के सामने अगने को न्योछावर कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, दो बार कल और परसों रूसी दूतावास के सामने प्रदर्शन करते हुए हम लोग गिरफ्तार हो गये। आज मुझे गुस्सा है—हिन्दुस्तान के नौजवानों से, दुनिया के दूसरे देशों में प्रदर्शन होते हैं, क्या हम लोगों में गुस्सा नहीं है, क्या हमारी नस-नस में, खून के कतरे-कतरे में वह राष्ट्रीयता की ज्वलन्त भावना नहीं है? अध्यक्ष महोदय, आज मैं साफ़ कहना चाहता हूं—महात्मा जी ने कहा था अगर अहिंसा वाली हिम्मत आप में नहीं है तो हिंसा अच्छी है, लेकिन कायरतावाली नीति को मत अपनाओ। मैं आज आपकी मारफत हिन्दुस्तान के नवयुवकों से अपील करना चाहता हूं—अच्छा होगा कि आप प्रहलाद सुक़रात और महात्मा गांधी के रास्ते पर चलो, लेकिन यदि वह आपको मन्जूर नहीं है तो खुदी राम बोस और सरदार भगत सिंह का रास्ता भी तो आपके लिए खुला है। लेकिन किसी भी कीमत पर आक्रमणकारी के सामने आप घुटने नहीं टेकें आक्रमणकारी के सामने नहीं झुकें।

SHRI SRIRAJ MEGHRAJJI DHRANGADHRA (Surendranagar): I do not think that I have to make it clear that we on this side of the House wholly deprecate the stand taken by this country in the United Nations Security Council.

Having heard the Prime Minister yesterday and the Prime Minister having heard the sentiments on both sides of the House, there was no doubt left in anyone's mind that either India would herself raise the issue in the Security Council, or that if the issue was raised, she would be the first to vote for civilisation and against manifest tyranny. The fact that our representative has failed to do so, acting on the instructions of the Government here, is clearly a betrayal of the sentiments of this House and of this country and, I would go further to say, of the Prime Minister's own party and of that party's great traditions.

[Shri Sriraj Meghrajji Dhrangadhra]

As I understand it, it was proposed by our representative that the resolution should be put to the vote clause by clause so that we could vote in favour of most of the clauses recited earlier today by the Prime Minister. It seems there was one clause which contained the word 'condemnation' and it seems this word was too strong for us to use—when the independence, when the freedom of a country was being snuffed out and when people were throwing themselves in front of invading and merciless tanks. The word was too strong for us to use when even the small communist countries of the world were not hesitating to use it, and I am gratified to say that some Communist Members of this hon. House did not hesitate to use it either. And finally when we ourselves did not hesitate to use it in condemning the aggression by Israel which, as it turned out, was not an aggression at all. I may remind the House that the word is not unknown in the pronouncements of the Security Council itself, as witness its condemnation of South Africa.

In events of such a ghastly nature, the indignation of the world is a vital factor which affects the destinies of millions. Even before this country had won its independence, we were the first and the most forthright to condemn in unmistakable terms every incident of armed assault and aggression by one people upon another. Now that we are independent and ourselves a force in the world—and I believe a moral force—I do not see how we can justify our departure from our national and traditional stand.

The Prime Minister has said that there may be many in this House who were too young to have taken part in the freedom struggle and some of the elders who did not take part in it. Be that as it may, but taking her cue, may I remind all Members of this House, and especially those on the Congress benches, of the ideals and motivations of that struggle and how it was won? I appeal to their memories and to their moral conscience. I know that they have their party discipline as we have ours. But there are times when one has to rise above mere party affiliations and to think in terms of being members of the human family. This is one such time when aggression and tyranny are again let loose and are rampant in the world and the threat of war hangs over Europe and the rest of mankind. In this fateful time, I move the whole House, on both sides, to speak with a united voice and join the world in condemning this outrage against mankind and against the very fundamentals of civilisation.

MR. SPEAKER: Now, Mr. Sheo Narain will wind up the debate before the Prime Minister speaks.

श्री शिव नारायण (बस्ती) : अध्यक्ष महोदय,

नं पैमां शिकन हैं, न गद्दार हैं हम,

वतन परवरी के खतावार हैं हम ।

हम इस देश के वफादार सिपाही हैं, रहे हैं और रहेंगे । मैं विरोधी दलों से कहना चाहता हूं कि आज जो परिस्थिति है वह बड़ी गम्भीर परिस्थिति है । मेरे पास एक नोट है—अध्यक्ष महोदय, आपकी इजाजत से मैं उसकी दो लाइनें पढ़ना चाहता हूं—

"Proclamation of the Government of the Czechoslovak Socialist Republic, August 21, 1968. Czechoslovakia was occupied by the armed forces of five States of the Warsaw Pact, trampling over the will of its Government, National Assembly, the leadership of the communist party of Czechoslovakia and the people of Czechoslovakia. For the first time in the history of international workers movement aggression has been committed by

the armed forces of one socialist country against a country ruled by the communist party."

19-00 HRS.

अध्यक्ष महोदय, कम्युनिस्ट पार्टी ने कम्युनिस्ट पार्टी को दबाया है। वह पार्टी जिसका सोशलिस्ट समाज और समाजवादी व्यवस्था का एक बहुत बड़ा नारा है। हमारे कम्युनिस्ट पार्टी के भाई आड़ में कहते हैं—वी विल लिबरेट यू, हम हरिजनों का उत्थान कर देंगे, उन्हीं का हमें आज यह नकशा दिखाई दे रहा है, कमिंग इविन्ट्स कास्ट दैर शैडोज बिफोर। इसलिए मैं सरकार से और इन्दिरा जी से कहना चाहता हूं कि सन 42 के मूवमेन्ट में आपने देखा और हमने देखा, आजादी से हमको भी उतना ही प्रेम है जितना कि किसी को भी हो सकता है। आज संसार में हमको अपनी मर्यादा की रक्षा करनी है। कर बहियां बल आपनी, छांड़ पराई आस। इस प्रकार से हमको और आपको सोचना है। हमारे एक्स एजूकेशन मिनिस्टर ने कहा था कि वर्ल्ड में हमारा कोई दोस्त नहीं है। इसलिए मैं आपको सावधान करना चाहता हूं कि आप एलर्ट रहिए। घर की फूट बुरी होती है। मैं चाहता हूं कि आप देश को एक सूत्र में बांधें। जब चीन ने अटैक किया था तब नेहरू जी के नेतृत्व में हमने यहां पर यूनानिमस रेजोल्यूशन पास किया था। नेहरू जी की और गांधी जी की जो हमें पंचशील की देन है हम उसकी रक्षा करें। हम दादा के अनुगृहीत हैं, उन्होंने हमको आज समझाया। वे 33 वर्ष तक हमारे जनेरल सेक्रेटरी रहे, कांग्रेस के प्रेसीडेन्ट रहे, आज भी उनके प्रति हमारी उतनी ही श्रद्धा है, उसमें कोई कमी नहीं आई है। कम्युनिस्ट जो आ गये हैं वे समझते हैं कि दादा कुछ नहीं हैं लेकिन हम उनका उतना ही सम्मान करते हैं।

अन्त में मैं सरकार से यही कहना चाहता हूं कि आप जो कुछ भी यहां पर कहें उसपर अमल करें। यही बात मैं प्राइम मिनिस्टर से कहना चाहता हूं कि देश के सम्मान पर ठेस नहीं लगनी चाहिए। इस देश में हमको यूनाइट होकर रहना है। धनयवाद।

MR. SPEAKER: The Prime Minister.

SHRI RAGHUVIR SINGH SHASTRI *rose*—

MR. SPEAKER: I have called the Prime Minister. If I call you now, everybody will rise. Please do not begin the trouble. If it is a lone request, I can understand; but if one begins, then everybody will begin. Excuse me.

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI): Mr. Speaker, Sir, during the last three days, in one form or another, in this House and the other House and indeed all over the country and in large parts of the world, people have followed the tragic events in Czechoslovakia with profound concern, anxiety and anguish. The House has followed the reports which have come through the world press and radio and during the last 24 hours there have been reports of violence, of bloodshed, of loss of precious lives, and there have also been rumours about the Czech leaders. All these reports have naturally heightened our concern.

I believe several Members here asked about Mr. Dubcek. There is no authoritative news. Even the Czech *Charge d'affaires* who has been in contact with his country at least till this morning—after that I have not been in touch and have no fresh news. But we have been very closely in touch with our embassies abroad and ambassadors of other

[Shrimati Indira Gandhi]

countries in Delhi and, in particular, we have tried to establish contact with our ambassador in Czechoslovakia as well as with the *Charge d'affaires* of Czechoslovakia in Delhi. There is not much in the messages which we have received and which the hon. Members have not already heard about through radio or the press.

There was some misunderstanding about the rules which govern the conduct of business in the Security Council. May I ask your leave to explain the position briefly, and quote the relevant rules. In this case, as I have explained, we have supported practically the entire resolution, all but one sub-part of one single paragraph; part of one single paragraph out of nine paragraphs in all. We wanted to record our vote on the resolution accordingly.

The rules of the Security Council, however, lay down—may I quote from the relevant rules—it is rule 32:

> "Part of a motion or of a draft resolution shall be voted on separately at the request of any representative, unless the original mover objects."

Our representative, therefore, approached the movers of the resolution and tried to persuade him to agree to voting by parts. Unfortunately, they did not agree.

It was in these circumstances that our representative had no alternative but to clarify our support to all parts of the Resolution with the exception of that one single word and thereafter he abstained on the Resolution taking it as a whole. An extract from the PTI despatch says:

> "In a speech early this morning Mr. Parthasarathy quoted that in the light of the statements of the Prime Minister of India it will be clear to the Security Council that India firmly supports respect for sovereignty, independence and territorial integrity of Czechoslovakia. It would be equally clear that we are against any interference in the internal affairs of Czechoslovakia. The immediate need is for the withdrawal of foreign forces from Czechoslovakia. I should like—this is what Parthasarathi said—to place on record our deep sympathy with the heroic people of Czechoslovakia in their present ordeal."

